जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : जीवि/परीक्षा–2/गोप./2015/3054 **दिनांक : 06/05/2015**

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या,
अग्रणी/शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
जिला–ग्वालियर,मुरैना,भिण्ड,शिवपुरी,गुना,दतिया,–अशोकनगर एवं श्योपुर

विषयः–स्नातक–बी.ए./बी.कॉम./बी.एससी./बी.एससी. (होमसाइंस) षष्ठम सेमेस्टर परीक्षा जून–2015 के सुव्यवस्थित परीक्षा संचालन हेतु जिले में संचालित परीक्षा केन्द्रों के निरीक्षण हेतु उड़नदस्ते के गठन बावत्।

महोदय/महोदया,

संदर्भित विषयांतर्गत लेख है कि आयुक्त, उच्च शिक्षा, मध्य प्रदेश शासन,भोपाल के आदेशों के परिपालन में स्नातक–बी.ए./बी.कॉम./बी.एससी./बी.एससी. (होमसाइंस) जून 2015 परीक्षायें दिनांक 07.05.2015 से सम्पन्न हो रही है, जिसमें नियमित/असंस्थागत/भूतपूर्व/असस्थागत परीक्षार्थी (एकल प्रश्न–पत्र प्रणाली) सम्मिलित हो रहे हैं।

संबंधित अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य अपने जिले में संचालित परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा संचालन पर नियंत्रण एवं नकल की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने हेतु अधिकतम चार/पॉंच सदस्यीय स्थायी शिक्षक/क्रीड़ाधिकारी के उड़नदस्ता दल का गठन करें, जो प्रतिदिन संपन्न होने वाली परीक्षाओं पर लगातार निगरानी बनाये रखें। इस हेतु विश्वविद्यालय द्वारा नियमानुसार वाहन किराये पर लेने के लिये अनुमति प्रदान की जाती है तथा उड़नदस्ता में सम्मिलित सदस्यों को नियमानुसार मानदेय का भुगतान किया जावेगा।

कृपया आप उडनदस्ता दल गठित कर कार्य की प्रगति से सतत् अवगत कराकर परीक्षा अत्यावश्यक कार्य में सहयोग प्रदान करें। साथ ही उड़नदस्तों द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदनों को प्रतिदिन विश्वविद्यालय की **E -M ail – jiwajigwalior@yahoo.co.in** पर तथा फैक्स क्रमांक 0751–2442787 पर अनिवार्य रूप से प्रेषित करें।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

1. आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन, सतपुड़ा भवन,भोपाल।
2. अतिरिक्त संचालक, ग्वालियर एवं चम्बल संभाग, मोतीमहल परिसर, ग्वालियर।
3. श्रीमान् जिलाधीश, जिला–ग्वालियर, मुरैना, भिण्ड, शिवपुरी, गुना, दतिया, अशोकनगर, श्योपुर
4. श्रीमान् पुलिस अधीक्षक, जिला–ग्वालियर, मुरैना, भिण्ड, शिवपुरी, गुना, दतिया, अशोकनगर, श्योपुर
5. वित्त नियंत्रक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
6. कंट्रोल रूम प्रभारी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
7. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
8. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

उप–कुलसचिव (गोपनीय/परीक्षा)